https://www.jagran.com/uttar-pradesh/noida-ncr-yeida-plot-scheme-launched-industrial-plots-up-for-auction-after-one-and-half-years-23931602.html

# YEIDA Plot Scheme: यीडा ने लॉन्च की औद्योगिक भूखंड योजना, डेढ़ साल बाद आई स्कीम; नीलामी के जरिए होगा आवंटन

यमुना प्राधिकरण ने सोमवार को उद्योग सहित विभिन्न श्रेणियों में भूखंड योजनाएं शुरू की हैं। डेढ़ साल बाद आई इस योजना में भूखंडों का आवंटन नीलामी के माध्यम से होगा। यीडा जल्द ही नर्सरी इंटरमीडिएट स्कूल और विश्वविद्यालयों के लिए भी योजना लाने वाला है। योजनाएं बैंकों के कारण अटकी हुई थीं। चालू वित्त वर्ष में उद्योग श्रेणी के लिए यह पहली योजना है।

BY **ARVIND MISHRA**
EDITED BY: **SONU SUMAN**
UPDATED: MON, 05 MAY 2025 05:54 PM (IST)



*डेढ़ साल बाद यीडा ने निकाली औद्योगिक भूखंड योजना।*

**HIGHLIGHTS**

1. चालू वित्त वर्ष में पहली औद्योगिक भूखंड योजना
2. संस्थागत श्रेणी में भी जल्द जाएगी भूखंड योजना

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने सोमवार को उद्योग समेत विभिन्न श्रेणी में भूखंड योजनाएं निकाली हैं। इन योजनाओं में नीलामी से भूखंडों का आवंटन होगा। प्राधिकरण जल्द ही संस्थागत श्रेणी में भी भूखंड योजना निकालने जा रहा है। इसमें नर्सरी, इंटरमीडिएट से लेकर विश्वविद्यालय एवं सामाजिक संस्थाओं के लिए भूखंडों का आवंटन होगा।

यमुना प्राधिकरण की भूखंड योजनाएं काफी समय से बैंकों के कारण लांच नहीं हो पा रही थीं। योजनाओं को लेकर बैंक विज्ञापन देने में आनाकानी कर रहे थी। यीडा सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने योजना लांच करने में सहयोग न करने पर बैंकों से खाते बंद करने की चेतावनी दी थी। इस चेतावनी के बाद यीडा की भूखंड योजना सोमवार को लांच हो गई।

## यह इस वित्त वर्ष की पहली भूखंड योजना

चालू वित्त वर्ष में उद्योग श्रेणी के लिए यह पहली योजना है। इसके तहत आठ हजार वर्गमीटर तक के पचास भूखंडों का आवंटन होगा। टाय पार्क में दो, अपैरल पार्क में 10, हैंडीक्राफ्ट पार्क में 05 व एमएसएमई में 33 भूखंड हैं। इनका आवंटन नीलामी से होगा। आठ हजार वर्गमीटर से बड़े भूखंडों की श्रेणी में पांच भूखंड का आवंटन होगा।